आकाशवाणी श्री विजयपुरम

29.03.2026 समय : 0705

1. आकाशवाणी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात की 132वीं कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे देश विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

2. समुद्री संसाधनों के संरक्षण के लिए मत्स्य विभाग ने विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में निर्धारित अवधि के दौरान मछली पकड़ने पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया है।

3. चाथम सरकारी आरा मिल में प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने टिम्बर सिजनिंग प्लान्ट और सॉडस्ट मशीन का उद्‌घाटन किया।

4. जनगणना कर्मचारियों और पर्यावेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशासन ने किया संशोधन।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वी कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल उत्तर प्रदेश के जेवर में नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का लोकार्पण करते हुए कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में अवसंरचना में छह गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहली बार कश्मीर घाटी और उत्तर–पूर्वी राज्यों की राजधानियों को रेल नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है। पिछले एक दशक में बंदरगाह क्षमता दोगुनी से अधिक हो गई है और अंतर्देशीय जलमार्गों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्‌घाटन 'विकसित यूपी, विकसित भारत' अभियान का एक नया अध्याय है। नोएडा के इस एयरपोर्ट से आगरा, मथुरा, अलीगढ़, गाजियाबाद, बुलंदशहर, मेरठ, इटावा और हरियाणा के फरीदाबाद सहित पूरे क्षेत्र को बहुत बड़ा लाभ होने वाला है। यहां से दुनिया के लिए विमान तो उड़ेंगे ही, साथ ही, ये विकसित उत्तर प्रदेश की उड़ान का भी प्रतीक बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक महीने से पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण कई देशों में भोजन, पेट्रोल–डीजल, गैस और उर्वरक जैसी आवश्यक वस्तुओं की कमी हो रही है। उन्होंने कहा कि हर देश इस संकट से निपटने के लिए प्रयासरत है।

<><><><><><><>

समुद्री संसाधनों के संरक्षण और समुद्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मत्स्य विभाग ने मछली पकड़ने पर वार्षिक प्रतिबंध लागू किया गया है। जारी सूचना के अनुसार, भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में प्रादेशिक जल सीमा से बाहर सभी मछली पकड़ने वाले जहाजों पर यह प्रतिबंध लागू रहेगा। अंडमान निकोबार द्वीप समूह में भी यह प्रतिबंध 15 अप्रैल से 14 जून तक कुल 61 दिनों के लिए प्रभावी रहेगा। वहीं पश्चिमी तट पर यह प्रतिबंध 1 जून से 31 जुलाई तक लागू रहेगा। पारंपरिक गैर–मशीनीकृत नौकाओं को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। विभाग ने सभी मछुआरों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि का सख्ती से पालन करें, ताकि मत्स्य संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके और समुद्र में सुरक्षा बनी रहे।

<><><><><><><>

चाथम स्थित सरकारी आरा मिल में लकड़ी की गुणवत्ता और उपयोगिता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए टिम्बर सीज़निंग प्लांट का उद्‌घाटन किया गया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस आधुनिक प्लांट में उन्नत तकनीक के माध्यम से नियंत्रित परिस्थितियों में लकड़ी का प्रसंस्करण किया जाएगा, जिससे उसकी नमी कम होगी और वह फफूंद, दीमक व अन्य क्षति से अधिक

सुरक्षित रहेगी। इससे लकड़ी की मजबूती और आयु में वृद्धि होगी। इस अवसर पर लकड़ी के अपशिष्ट के बेहतर उपयोग के लिए एक सॉडस्ट मशीन का भी उद्‌घाटन किया गया। यह मशीन लकड़ी के बचे हुए हिस्सों को उपयोगी बुरादे में बदलकर अपव्यय को कम करेगी और संसाधनों के सतत प्रबंधन को बढ़ावा देगी। मिल डिविजन के उप वन संरक्षक सूरज सिंह ने बताया कि यह पहल पड़ौक लकड़ी पर निर्भरता कम करने और वैकल्पिक संसाधनों को बढ़ावा देने में सहायक होगी। कार्यक्रम के दौरान "सरकारी आरा मिल चाथम – 140 वर्षों की विरासत और सेवा" नाकम पुस्तक तथा वार्षिक कैलेंडर का भी विमोचन किया गया।

<><><><><><>

ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने और समुदाय आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत उत्पादक समूह के अंतर्गत दो प्रमुख परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया गया। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज निदेशक डॉ. अपूर्व शर्मा ने ग्राम पंचायत टुशनाबाद में 'द्वीप पोल्ट्री प्रोड्यूसर ग्रुप' द्वारा स्थापित अंडा संग्रह केन्द्र तथा ग्राम पंचायत नमुनाघर में 'भूमि उत्पादक समूह' द्वारा स्थापित पौधशाला केन्द्र का शुभारंभ किया। इस पहल के माध्यम से स्थानीय पोल्ट्री उत्पादकों के अंडों का संग्रहण, ग्रेडिंग, भंडारण और विपणन एक ही स्थान पर संभव होगा। वहीं पौधशाला केन्द्र का उद्‌देश्य फलदार पौधों, मसालों, फूलों और सजावटी पौधों की खेती व बिक्री के माध्यम से आजीविका को बढ़ावा देना है।

<><><><><><>

जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। संशोधित कार्यक्रम में कुछ बैचों के प्रशिक्षण स्थलों में बदलाव किया गया है। जारी सूचना के अनुसार, बैच–I का प्रशिक्षण 30 मार्च और 1 अप्रैल को डॉ. बी.आर. अंबेडकर, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के सभागार में तथा 31 मार्च को खैतान कल्याण मंडपम में आयोजित होगा, बैच–II का प्रशिक्षण 30, 31 मार्च और 1 अप्रैल को गर्ल्स स्कूल के सभागार में, और बैच–III के लिए यही तिथियां निर्धारित हैं और इसका आयोजन आपदा प्रबंधन के एकीकृत कमान और नियंत्रण केन्द्र में किया जाएगा। वहीं बैच–IV का प्रशिक्षण डीब्रेट के सभागार में आयोजित होगा। सभी बैचों के लिए प्रशिक्षण का समय सुबह 9 से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है।

<><><><><><>

गाराचरमा स्थित डॉ. एस.आर. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में भूकंप आपदा से निपटने की तैयारियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में प्रशिक्षुओं और शिक्षकों को आपदा के समय त्वरित एवं समन्वित प्रतिक्रिया के लिए प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग और एनडीआरएफ के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार डॉ. स्वपन कुमार ने अपने संबोधन में आपदा के समय सतर्कता और समन्वय के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस दौरान अन्य अधिकारियों ने भी आपदा जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। अग्निशमन केंद्र गराचरमा की टीम ने फायर सेफ्टी और आपातकालीन बचाव तकनीकों का प्रदर्शन किया। इस मॉक ड्रिल में 132 प्रशिक्षुओं और 35 शिक्षकों ने भाग लिया।

<><><><><><>

प्रशासनिक कारणों के चलते खेल एवं युवा मामले विभाग द्वारा आज आयोजित होने वाली ओपन रोड रेस अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

<><><><><><>